हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 30 अप्रैल 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

Page No : 12 Middle

एसआरएमएस किंग्स बना चैंपियन

बरेली | हिन्दुस्तान संवाद

कार्पोरेट क्रिकेट बाश 2018 की ट्राफी के लिये फाइनल में कांटे की जंग रही। रोमाचंक मैंच की आखिरी गेंद तक दर्शक सांसे थामे बैठे रहे। गेंदबाजों के शानदार प्रर्शन के दम पर एसआरएमएस किंग्स ने जीत हासिल की। जीत की ओर तेजी से बढ़ रही इंवर्टिस डस्ट डेविल्स से एसआरएमएस किंग्स 3 रन से मुकाबला छीनकर फाइनल की ट्राफी अपने नाम की।

बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज में रविवार को कार्पोरेट क्रिकेट बाश 2018 को फाइनल मुकाबला हुआ। एसआरएमएस किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हांलाकि एसआरएमस किंग्स की शुरुआत धीमी रही। बल्लेबाजो ने पारी को संभालते हुये 20 ओवर में कुल 124 रन बनाकर इंवर्टिस डस्ट डेविल्स को 125 रनों का लक्ष्य दिया। इंवर्टिस डस्ट डेविल्स के बल्लेवाजो ने धुंआधार बल्लेवाजी करते हुये तेजी से लक्ष्य का पीछा किया। एसआरएमएस किंग्स के गेंदबाजों ने शानदारी गेंदवाजी कर तेजी से विकेट झटके। इसके बाद इंवर्टिस डस्ट डेविल्स की पारी लड़खडा गई। उन्होंने आखिरी गेंद तक जीत को हासिल करने की नाकाम कोशिश की और लक्ष्य के करीब पहुंचकर 121 रन पर सिमिट गई। गेंदबाजों के दम पर एसआरएमएस किंग्स ने जीत हासिल करते हुये तीन रन कार्पोरेट क्रिकेट बाश -2018 का खिताब अपने नाम किया। जीत पर खिलाड़ियों ने बधाई दी।

बीएल एग्रो कार्पोरेट क्रिकेट में जीत का जश्न मनाते खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

मनीष सिंह ने की करिश्माई गेंदबाजी

दूसरी पारी में गेंदबाजों ने लक्ष्य का बचाव करने में एसआरएमएस किंग्स की मदद की। एसआरएमएस किंग्स के गेंदबाज मनीष सिंह ने करिश्माई गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में मात्र 2 रन देकर इंवर्टिस डस्ट डेविल्स के कीमती दो विकेट झटके। कसी हुई गेंदबाजी करने के लिये मनीष सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। साथ ही उन्हें टूर्नामेंट का बेस्ट बालर चुना गया। वहीं कार्पोरेट क्रिकेट बाश में शानदार बल्लेवाजी करने के लिये बीएल एग्रो के बल्लेबाज इमरान हुसैन मैन आफ दी सीरिज और बेस्ट बैट्समैन रहे।

शहर की इन हस्तियों ने कार्यक्रम में निभाई सहभागिता

बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक घनश्याम खंडेलवाल, एसआरएमएस किंग्स के मालिक आदित्य मूर्ति, मेयर डॉ. उमेश गौतम, बीएलएग्रो की डायरेक्टर प्रशासन रागिनी खंडेलवाल, अधिशासी निदेशक आशीष खंडेलवाल, निदेशक धीरज अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक एएन सिंह, प्रेमबाबू शर्मा, एकेसी ह्युंडई के अर्पित अग्रवाल मौजूद रहे।